पंजाब केसरी 21/10/2023

युवा महोत्सव का हुआ रंगारंग समापन, लुप्त होती कलाओं को जी.एम.एन. कालेज में जिंदगी दे गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलकियां

युवा महोत्सव में जी.एम.एन. कालेज ने रनरअप ट्रॉफी पर किया कब्जा, थिएटर की ट्रॉफी भी कालेज ने अपने नाम की, राज्यपाल ने प्रिंसीपल को ट्राफी देकर किया सम्मानित

अम्बाला, 20 अक्तूबर (कोचर): कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की ओर से कैंट के जी.एम.एन. कालेज में आयोजित अंबाला जोन के 46वें युवा महोत्सव का तीसरे दिन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। लुप्त होती सांस्कृतिक कलाओं को यह युवा महोत्सव नई जिंदगी दे गया और विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक झलकियों ने खत्म हो रही कलाओं में जान डाल दी।

इस युवा महोत्सव की मेजबानी करने वाले जी.एम.एन. कालेज ने इस महोत्सव में रनरअप की ट्राफी पर कब्जा किया। साथ ही थिएटर की ट्राफी भी जी.एम.एन. कालेज के कलाकारों ने अपने नाम की।

जबकि इस महोत्सव की ओवरऑल ट्राफी कैंट के ही एस.डी. कालेज ने अपने नाम की। लगभग 43 प्रकार की प्रस्तुतियों में हिस्सा लेते हुए कुल 5 ट्राफियां अपने नाम दर्ज की।

जी.एम.एन. कालेज में 3 दिन चले इस युवा महोत्सव में जोन के 20 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। युवा महोत्सव के तीसरे दिन उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. हुक्म सिंह ने शिरकत की। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, सज्जन सिंह, आर्य गर्ल्स कालेज की प्राचार्य अनुपमा आर्य व अन्य प्रबंधक कमेटी के सदस्य व कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर किया।

युवा महोत्सव के अंतिम दिन डा. हुक्म सिंह ने इस आयोजन की मेजबानी के लिए कॉलेज के प्रबंधन और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को परामर्श दिया कि वह 24 घंटे में से कम से कम एक घंटा अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूर निकालें।

वहीं गृहमंत्री अनिल विज अस्वस्थ होने के कारण आयोजन में शामिल नहीं हो सके लेकिन उन्होंने 25 लख रुपए की अतिरिक्त राशि विद्यार्थियों के विकास के लिए कालेज प्रबंधन को देने की बात कही, जिसके लिए कालेज प्रधान गुरुदेव सिंह ने विज की सराहना की।

जी.एम.एन. कालेज की प्रबंधन टीम के सदस्य राज्यपाल को बुके देकर उनका स्वागत करते हुए, रनरअप व थियेटर की ट्राफी जीतने वाली जी.एम.एन. कालेज की टीम, हरियाणवी आर्केस्ट्रा टीम के सदस्य स्टेज पर राज्यपाल के सामने गीत की प्रस्तुति देते हुए।

राज्यपाल के सामने हरियाणवी आर्केस्ट्रा ने दिखाई हरियाणा की झलक

समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मौजूद रहे। उनके सामने हरियाणवी आर्केस्ट्रा की टीम ने विभिन्न तरह के यंत्रों को बजाकर हरियाणा की झलक दिखाई।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के युवा महोत्सव हमारी भारतीय सभ्यता, संस्कृति, संगीत, नृत्य और परंपराओं को संजोकर रखने के साथ-साथ अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में मील का पत्थर सावित होते हैं।

साथ ही उन्होंने क्वालिटी एजुकेशन और स्किलफुल कोर्सेज कराने के लिए जी.एम.एन कॉलेज की सराहना की। राज्यपाल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अंतिम दिन हुई प्रतियोगिताओं ने उत्सव में भरे रंग

कार्यक्रम के वशिष्ठ अतिथि महासिंह पुनिया डायरैक्टर (डी.वाई.सी.ए.) रहे। महोत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी आर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस (हरियाणवी), वेस्टर्न वोकल सोलो और वेस्टर्न इंस्ट्रूमैंट सोलो ने परिसर में उत्सव के रंग भर दिए।

प्रतिभागियों ने अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वैस्टर्न ग्रुप गानों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंस्टॉलेशन में प्रतिभागियों ने मिट्टी, बांस, घास-फूंस, व कई बेकार पड़ी चीजों से जनजाति संस्कृति की मनमोहक झांकी दिखाई। वहीं ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतिभागियों के लिए रोमांचकारी अनुभव रहा।

युवा महोत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी डांस की प्रस्तुति देते कालेजों के विद्यार्थी।

प्राचार्य ने कालेज की रिपोर्ट के जरिए करवाया रू-ब-रू

इस मौके पर कालेज के प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त ने कालेज की गतिविधियों के बारे में विस्तार से रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने बताया कि इस कालेज के विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर कालेज का नाम रोशन कर रहे हैं।

बताया कि जी.एम.एन. कालेज में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत स्किलफुल कोर्सेज कराए जा रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त हो।

जी.एम.एन. कालेज द्वारा बी.सी.ए. (आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस), पी.जी. डिप्लोमा साइबर सिक्योरिटी, बी.एस.सी. नर्सिंग और जरनल नर्सिंग मिडवाइफ जैसे पाठ्यक्रमों को शुरू करने का लिया गया निर्णय भी बहुत सराहनीय है।

समारोह के अंत में जी.एम.एन कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डा. राजेंद्र देसवाल ने आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह के मौके पर अन्य विशिष्ट अतिथियों में के.जे.एस. बलहाया, अजय अग्रवाल, आलोक गुप्ता व अन्य कमेटी के सदस्यों के साथ अन्य महाविद्यालय से आए प्राध्यापक भी शामिल हुए।